# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in


## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

दिनांक- 22.05.2025

**थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत कुरौना हवाई पट्टी के पास थाना औराई पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत जिला बदर/थाने का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार। कब्जे से 01अदद नाजायज तमंचा व 01अदद मिसफायर कारतूस , 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद ।**

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण दिनांक 21/22.05.2025 की रात्रि में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मुखबिर की सूचना पर कुरौना हवाई पट्टी के पास किसी अपराध को कारित करने के फिराक में जा रहे अवैध तमंचा के साथ जिला बदर/थाने का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार,कब्जे से 01अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 मिसफायर कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है।

**गिरफ्तारी /पुलिस मुठभेड़ का विवरण-**

श्री अभिमन्यु मांगलिक , पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण व श्री नरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी औराई के नेतृत्व में दिनांक 21/22.05.2025 की रात्रि में थाना औराई पुलिस टीम अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने व देखभाल क्षेत्र करते हुए उगापुर बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति अवैध तमंचा व कारतूस लिए कुरौना हवाई पट्टी होते हुए उगापुर बाजार की तरफ किसी अपराध को कारित करने के फिराक में जा रहा है। सूचना पर औराई पुलिस टीम द्वारा हवाई पट्टी के पास पहुंच कर आते हुए दिखाई दे रहे व्यक्ति को रोकने व टोकने पर अचानक से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग के दौरान जिला बदर/थाने का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अरुण कुमार सोनकर उर्फ जहरीले सोनकर पुत्र महेंद्र सोनकर निवासी महाराजगंज हुसैनीपुर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर कब्जे 01अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद मिसफायर कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। घायल गिरफ्तार अभियुक्त के समुचित ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के दौरान पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर करने तथा नाजायज तमंचा मय खोखा व मिसफायर कारतूस बरामद होने व यू0पी0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला बदर होने के बावजूद लुक छुपकर जनपद में निवास करने के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना औराई पर मु0अ0स0-230/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम व मु0अ0सं0. 231/25धारा 10 यू0पी0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

अरुण कुमार सोनकर उर्फ जहरीले सोनकर पुत्र महेंद्र सोनकर निवासी महाराजगंज हुसैनीपुर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

01अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01अदद कारतूस मिसफायर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 201/2017 धारा 147, 323, 336, 504 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।

2.मु0अ0सं0 335/2018 धारा 147,149, 332, 353, 427 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।

3.मु0अ0सं0 336/2018 धारा 147, 149, 308, 323, 325, 336, 452, 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।

4.मु0अ0सं0 23/2020 धारा 143, 186, 341, 353, 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।

5.मु0अ0सं0 126/2020 धारा 452, 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।

6.मु0अ0सं0 123/2021 धारा 147, 323, 427, 452, 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।
7.मु0अ0सं0 265/2021 धारा 323, 354, 354(ख), 504, 506 भा0द0वि0 व 7/8 पॉक्सो अधिनियम 2012 थाना औराई जनपद भदोही।
8.मु0अ0सं0 219/2025 धारा 115(2), 191(2), 351(3) बी0एन0एस0 थाना औराई जनपद भदोही।
9.मु0अ0सं0 284/2021 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना औराई जनपद भदोही
10.एन0सी0आर0 28/2017 धारा 323, 504, 506, 427 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।
11.एन0सी0आर0 29/2017 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 थाना औराई जनपद भदोही।
12.मु0अ0सं0 207/2017 धारा 3/4 उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम थाना औराई जनपद भदोही।
13.मु0अ0सं0 09/2021 धारा 3/4 उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम थाना औराई जनपद भदोही।
14.मु0अ0सं0-230/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम थाना औराई जनपद भदोही
15.मु0अ0सं0 231/2025 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम थाना औराई जनपद भदोही।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

श्री रामसरीख गौतम , प्रभारी निरीक्षक औराई, उ0नि0 नथुनी सिंह, मुख्य आरक्षी बलिराज, आरक्षी भूपेंद्र राय,मु0आ0 चालक एकलाख खां थाना औराई जनपद भदोही

